# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः 2591 /27(2026)/अधियाचन(विज्ञापन)/2026–27 दिनांकः 15/सितम्बर/2026

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत **सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी** (अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों) के रिक्त **897** पदों तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत **सहायक अध्यापक, शहरी (URBAN)** के रिक्त **11508** पदों का ऑनलाइन विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा हैं। विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की सुगमता हेतु आयोग द्वारा One Time Registration (OTR) व्यवस्था लागू की गयी है। अतः OTR प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात ही अभ्यर्थीगण **सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी** तथा **सहायक अध्यापक, शहरी (URBAN)** हेतु आवेदन करें। आयोग विज्ञापित पदों की अर्हता एवं पात्रता के सम्बन्ध में पृथक से कोई परामर्श नहीं देता है। अतः अभ्यर्थीगण हेतु विस्तृत विज्ञापन निर्देश पुस्तिका सहित आयोग की वेबसाइट https://upessc.up.gov.in/ पर प्रदर्शित है, जिसे अभ्यर्थी देख एवं पढ़ सकते हैं। निर्धारित अर्हता पूरित करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपलोड विस्तृत विज्ञापन को सावधानी पूर्वक अध्ययन करने के उपरान्त दिनांक 15.09.2026 से प्रारम्भ होने वाले आवेदन प्रक्रिया में अपना आवेदन कर सकते हैं।

विज्ञापन संख्या– **05/2026 सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी** (माध्यमिक शिक्षा विभाग) तथा **सहायक अध्यापक, शहरी (URBAN)** (बेसिक शिक्षा विभाग) से सम्बन्धित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत है :–

| | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन की तिथि | **15-09-2026** |
| ऑनलाइन पंजीकरण (O.T.R.)/आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | **16-09-2026** |
| ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **15-10-2026** |
| ऑनलाइन आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि | **19-10-2026** |
| परीक्षा तिथि | **03 व 04 दिसम्बर, 2026** |

(संजय कुमार सिंह)
उपसचिव